बैठक ▶ अजय सिंह राहुल के आगमन पर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक आयोजित

# बैठकों तक सीमित रहने से संगठन नहीं होगा मजबूत : अजय सिंह



**नवभारत,शहडोल** । जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी द्वारा की गई।

बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अजय सिंह राहुल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं, और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने पर विशेष जोर दिया, उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केवल बैठकों तक सीमित रहने से संगठन मजबूत नहीं होगा, बल्कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना ही कांग्रेस की असली पहचान है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याएं और युवाओं का भविष्य सबसे बड़े मुद्दे हैं, जिन पर कांग्रेस पार्टी को मजबूती से आवाज उठानी होगी।

अजय सिंह राहुल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए आपसी समन्वय, अनुशासन और निरंतर संवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें।

पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने अपने संबोधन में कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर कांग्रेस निरंतर संघर्षरत है और कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना एवं उनका समाधान कराने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी तथा कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। बैठक में जिले भर से आए कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।



# बुढ़ार में कांग्रेस की गुटबाजी बेनकाब : राहुल के दौरे पर सवाल

▶ संगठन पर चुप्पी, कार्यकर्ताओं में उबाल

**नवभारत,बुढ़ार।** चुरहट विधायक और विंध्य की राजनीति के वरिष्ठ नेता अजय सिंह 'राहुल भैया' का बुढ़ार दौरा कांग्रेस संगठन की अंदरूनी खींचतान को खुलकर सामने ले आया। जिस कार्यक्रम से संगठन में ऊर्जा और एकजुटता की उम्मीद थी, वही दौरा औपचारिकता, सीमित मौजूदगी और तीखे सवालों के बीच घिर गया। न जनहित के मुद्दों पर ठोस चर्चा हुई, न संगठनात्मक मजबूती पर कोई स्पष्ट संदेश—उलटे, गुटबाजी और असंतोष की परतें और गहरी दिखीं।

### सवालों से बचते दिखे राहुल

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों ने जब संगठनात्मक हालात और पार्टी की सक्रियता पर सवाल पूछा, तो राहुल भैया ने टालते हुए कहा—'अभी चुनाव का समय नहीं है। इस बयान ने नए सवाल खड़े कर दिए—क्या कांग्रेस सिर्फ चुनावी मौसम में ही सक्रिय होती है? क्या स्थानीय ज्वलंत मुद्दे—कानून-व्यवस्था, रेत-कोयला-कबाड़ चोरी—पार्टी की प्राथमिकता में नहीं हैं? जवाबों की जगह चुप्पी ने असंतोष को और हवा दी।

### दबाव की राजनीति' का आरोप, कार्यकर्ता निराश

शिकायत कर रहे स्थानीय कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन में 'संवाद नहीं, दबाव' का माहौल बन रहा है। असहमति रखने वालों की अनदेखी और चंद रसूखदारों को तरजीह देने से जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा है। कई गुटों में बंटी कांग्रेस में यह नाराजगी अब खुलकर दिखने लगी है।

### जनहित गायब, निजी मुलाकातें हावी

सूत्रों के मुताबिक दौरा कुछ चुनिंदा नेताओं के घरों तक सिमटकर रह गया। जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल और नेता बलमीत सिंह खनूजा के निवास पर कार्यक्रम हुए, जहां सीमित कार्यकर्ता ही पहुंचे। इससे यह धारणा बनी कि दौरा जनसरोकारों से ज्यादा 'निजी संपर्क' तक सीमित रहा।

# महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन

▶ सैकड़ों विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन



**नवभारत,जयसिंहनगर।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में बुधवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय ओपन कैंपस रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद एपीएम एचआर प्रायवेट लिमिटेड के सलाहकार अमोल शिंदे का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मेले में छात्र-छात्राओं को रोजगार संबंधी आवश्यक योग्यताओं, मानदेय एवं कंपनियों द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। अमोल शिंदे ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उनके प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया। रोजगार मेले में वी-मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड, एंड्यूरेंस टेक्नोलॉजी लिमिटेड तथा सेंसर इंजीनियरिंग लिमिटेड (उमरगांव, गुजरात) जैसी कंपनियों द्वारा अप्रेंटिस ट्रेनिंग एवं ट्रेनी ऑपरेटर के पदों के लिए अवसर प्रदान किए गए। प्राचार्य डॉ. द्विवेदी ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिए प्रेरित करते हुए इसे एक सुनहरा अवसर बताया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। अंत में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. शुभांगी गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## पी रमन्ना ने किया पदभार ग्रहण



**नवभारत, धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अमलाई ओपन कास्ट में पदस्थ रहे उप क्षेत्रीय प्रबंधक पी रमन्ना जिनका स्थानांतरण बिलासपुर मुख्यालय के द्वारा बुढार शारदा उप क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया था और आज उन्होंने यहां का पदभार ग्रहण कर लिया जबकि अमलाई ओपन कास्ट में मनीष सिंह को उप क्षेत्रीय प्रबंधक का प्रभार दिया गया है देखा जाए तो पी रमन्ना के बुढ़ार उप क्षेत्र में पदभार ग्रहण करने के बाद शारदा ओपन कास्ट में कोयला उत्पादन बढ़ेगा क्योंकि वह एक अनुभवी अधिकारी माने जाते हैं जिस तरह से उन्होंने अमलाई ओपन कास्ट में कोयला उत्पादन बढ़ाने को लेकर जो प्रयास किया था उसके सार्थक परिणाम ओपन कास्ट में आज देखे जा सकते हैं अब ऐसे समय पर जब उन्हें शारदा बुढार क्षेत्र का प्रभार दिया गया है तो यहां पर भी न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा बल्कि व्यवस्था भी बेहतर होगी।

# शहडोल में बालिका अस्मिता कप का समापन

▶ 2-0 से विचारपुर टीम बनी विजेता



**नवभारत, शहडोल।** जिला फुटबॉल संघ, शहडोल द्वारा मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ के मार्गदर्शन में आयोजित बालिका अस्मिता कप (अंडर-16) फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन रेलवे ग्राउंड में हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में जिले की 6 टीमों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी, विचारपुर और सीबीएम फुटबॉल क्लब, जरवाही के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया।

विचारपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह जयसिंहनगर की विधायक मनीषा सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि सीख और अनुभव अधिक मायने रखते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि शहडोल में फुटबॉल के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की सराहना देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया जाना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।इस अवसर पर 25 राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत जिला फुटबॉल संघ के सचिव रईस अहमद के स्वागत भाषण से हुई। रिलायंस सीबीएम के सामाजिक दायित्व प्रमुख राजीव श्रीवास्तव ने फुटबॉल विकास कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन साधना जैन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच बनी, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और बालिकाओं के सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हुई।

# सरपंच-सचिव पर मेहरबान ब्यौहारी सीईओ

**नवभारत,शहडोल।** 'जब साइंया भै कोतवाल तो डर काहे का' यह कहावत इन दिनों शहडोल जिले के जनपद पंचायत ब्योहारी की ग्राम पंचायतो में चरितार्थ होती नजर आ रही है। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव में न तो जनपद का भय है और न ही जिला पंचायत का वो दोनों हाथ से विकास के नाम पर शासकीय खजाने को लूटने का कार्य कर रहे है जिन्हे जनपद सीईओ कल्पना यादव द्वारा आश्रय देने का कार्य बाखूबी किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पापोढ के सरपंच सचिव ने नाली और पीसीसी सड़क निर्माण के नाम पर तीन साल पूर्व राशि का आहरण कर लिया है और आज तक निर्माण नहीं कराया गया जिसकी शिकायत होने पर सीईओ कल्पना यादव ने पता नहीं क्यों चुप्पी साध रखी है। हद तो तब हो गयी ज़ब जिला पंचायत से शिकायत की जांच हेतु पत्र जारी हुआ और एक सप्ताह मे जांच प्रतिवेदन चाहा गया इसके बाद भी शिकायत की जांच न कर उस पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

### लेन देन कर जांच दबाने का आरोप

शिकायत की जांच हेतु जनपद स्तर से तीन सदस्यी टीम गठित किया गया है, जिसमे विपिन बागरी, के. पी. सिंह सहित एक अन्य सामिल है जिनके द्वारा समय का आभाव बता जांच न किया जा कर उस पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच अधिकारियो द्वारा सरपंच सचिव से सांठ गांठ कर पैसा का लेन देन किया गया है जिस वजह से शिकायत की जांच नहीं की जा रही है हकीकत क्या है वही जाने पर दो माह से जांच न होना कंही न कंही संदेह के दायरे मे आता है।

# तपती गर्मी में राहत की सौगात




▶ राजेंद्र खदान परिसर में सुरभि महिला मंडल ने शुरू किया सार्वजनिक प्याऊ

**नवभारत,धनपुरी।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र भूमिगत खदान परिसर में सुरभि महिला मंडल द्वारा सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आयोजित कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक गरिमा से भर दिया।

मंडल की अध्यक्ष श्रीमती एलोरा जेना ने फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया। खैरहा-बुढ़ार मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, श्रमिकों और यात्रियों को ध्यान में रखते हुए स्थापित यह प्याऊ गर्मी के मौसम में शीतल जल उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। शुभारंभ के अवसर पर महिला मंडल की सदस्याओं ने राहगीरों को मीठा शरबत, जलजीरा, गन्ने का रस, गुड़, चना और ताजे फल वितरित किए। सेवा कार्य में जुटी सदस्याओं का उत्साह और समर्पण देखते ही बन रहा था। यह पहल न केवल लोगों की प्यास बुझाने का कार्य कर रही है, बल्कि सामाजिक सहयोग और मानवता के मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्रीमती एलोरा जेना ने कहा, 'जल सेवा सबसे बड़ा धर्म है। गर्मी के इस दौर में जरूरतमंदों को शीतल जल उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। सुरभि महिला मंडल हमेशा समाजसेवा के ऐसे कार्यों में अग्रणी रहा है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। 'कार्यक्रम में मंडल की सदस्याएं— सत्य रमन्ना, पद्मा हरि बाबू, अनुपा सेन गुप्ता, सपना गणवीर, सुनीता हेमराम, पूनम कंपरिया, अंजना कुर्रे, भवानी बालकृष्ण, अंजना हलदर, लोरा महापात्रा, अमिता पटेल, अनिता राम और उज्ज्वला विधाते—की सक्रिय भागीदारी रही। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास गर्मी के मौसम में आमजन के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं। यह सार्वजनिक प्याऊ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है।

# फरार शातिर बदमाश 'जग्गा' को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवभारत, बुढ़ार।** थाना पुलिस ने सफलता अर्जित करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे चाकूबाजी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी ने होली के दिन आपसी विवाद में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद से वह पुलिस की पकड़ से बाहर था।

### क्या है पूरा मामला

नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार ने बताया कि होली के त्योंहार के दिन आरोपी अजीत उर्फ जग्गा बैरागी (पिता हरिदास बैरागी,उम्र 30 वर्ष, निवासी रीजनल कॉलोनी बुढ़ार) का फरियादी के साथ आपसी विवाद हो गया था। इस विवाद के दौरान आरोपी ने तैश में आकर फरियादी पर चाकू से हमला कर दिया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं।फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी। घटना के बाद से ही आरोपी अजीत उर्फ जग्गा लगातार फरार चल रहा था और अपनी पहचान छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहा था।

### ऐसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहें विशेष अभियान के तहत, बुढ़ार पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर तंत्र और तकनीकी सहायता के आधार पर दिनांक 21.04.2026 को पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिवत प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस चुनौतीपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढ़ार, निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में गठित टीम का विशेष योगदान रहा : जिसमें उप-निरीक्षक गोविंद भगत, आरक्षक जोतिंद्र सिंह,आरक्षक गोपाल सिंह, आरक्षक शिवशंकर सिंह का सराहनीय योगदान रहा। शहडोल पुलिस की अपील : कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाने में दें।

# महिला आरक्षण रोकना 70 करोड़ महिलाओं का अपमान : हिमाद्री सिंह

▶ नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर भाजपा की प्रेस वार्ता, विपक्ष पर तीखा हमला



**नवभारत,शहडोल।** 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को संभागीय मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें सांसद हिमाद्री सिंह, विधायक मनीषा सिंह और जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण से जुड़े 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोकना देश की लगभग 70 करोड़ महिलाओं के अधिकारों का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में अहम कदम को बाधित किया। विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विपक्ष का इतिहास महिलाओं के अधिकारों का विरोध करने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि महिला हित के मुद्दों पर विपक्ष केवल राजनीति करता रहा है। जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने विपक्ष पर महिला विरोधी मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को सशक्त करने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं अब जागरूक हैं और ऐसे मुद्दों को भली-भांति समझ रही हैं। प्रेस वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

हत्या की आशंका ▶ काम के सिलसिले में धनपुरी के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा

# जंगल में मिला अधेड़ का संदिग्ध शव, शरीर पर चोट के निशान से हत्या की आशंका



**नवभारत, बुढ़ार** । जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बरतरा जंगल के करकटी रोड पर एक अधेड़ का संदिग्ध हालत में शव मिला। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह उस समय लगी, जब स्थानीय लोगों ने जंगल के भीतर एक अधेड़ को मृत अवस्था में देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मृतक की पहचान अनूपपुर जिले के सरई पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बैरागी गांव निवासी बुद्धू लाल विश्वकर्मा के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि बुद्धू लाल बुधवार को अपने घर से काम के सिलसिले में धनपुरी के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर चिंता बढ़ गई।

गुरुवार सुबह बुद्धू लाल का शव खैरहा थाना क्षेत्र के बरतरा जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है और हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। सूचना मिलते ही खैरहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, आसपास के क्षेत्र में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है और मृतक के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले को संदिग्ध मानते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग इस वारदात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। थाना प्रभारी उमा शंकर चतुर्वेदी ने कहा सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू की है।